हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 95 | देहरादून, मंगलवार, 03 अक्टूबर, 2023 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



मंत्री गणेश जोशी ने राष्ट्रपिता और लाल बहादुर शास्त्री की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि 3

# मुख्यमंत्री ने शहीद स्थल रामपुर तिराहा में राज्य आंदोलनकारी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

## आंदोलनकारियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करना सरकार की प्राथमिकता और कर्तव्य : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





मुजफ्फरनगर 03 अक्टूबर : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद स्थल रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर में राज्य आंदोलनकारी शहीदों की पुण्य स्मृति पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद राज्य आन्दोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 02 अक्टूबर 1994 को उत्तराखंड के अलग राज्य की प्राप्ति के लिए आंदोलन कर रहे हमारे नौजवानों और माता-बहनों के साथ क्रूरता पूर्वक बर्ताव किया गया। अनेक आंदोलनकारियों की इसमें शहादत हुई। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। राज्य आन्दोलनकारियों के द्वारा किये गये संघर्ष के परिणामस्वरूप हमें उत्तराखंड अलग राज्य मिला। राज्य आंदोलनकारियों के सपनों एवं संकल्पों के आधार पर राज्य के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**सभी आंदोलनकारियों को पूरा मान-सम्मान और अधिकार देना राज्य सरकार का संकल्प**

मुख्यमंत्री ने रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर स्थित शहीद स्थल में उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों की उपलब्धता एवं स्थानीय उत्पादों के स्थल के रूप में विकसित किए जाने की बात कही। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सभी आंदोलनकारियों को पूरा मान-सम्मान और अधिकार देने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरियों में दस प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन बढ़ाने के साथ ही राज्य आंदोलकारियों की मृत्यु के पश्चात उनके आश्रितों को भी पेंशन देने का निर्णय लिया है। सरकार राज्य आंदोलनकारियों को 'एक समान पेंशन' देने के लिए कार्ययोजना तैयार कर रही है। उद्योगों में नौकरी के लिए राज्य आंदोलनकारियों को प्राथमिकता के लिए समुचित व्यवस्था की जा रही है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का ''विकल्प रहित संकल्प'' लेकर आगे बढ़ रही है। सरकार की नीतियों के केंद्र में राज्य का सर्वांगीण विकास है। राज्य सरकार उत्तराखंड को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मागदर्शन में उत्कृष्ट उत्तराखंड बनाने के लिए वचनबद्ध है। आज केदारनाथ पुनर्निर्माण, बदरीनाथ के मास्टर प्लान कार्य के साथ ही मानसखंड मंदिर माला मिशन पर कार्य चल रहा है। वाइब्रेंट विलेज के तहत सीमांत क्षेत्र में बसे गांवों को प्रथम पंक्ति में लाने का कार्य किया जा रहा है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि हमारे शहीद आंदोलनकारियों के बलिदान की बदौलत हमें उत्तराखंड राज्य मिला। उन्होंने कहा कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई जी के प्रधानमंत्रित्व काल में उत्तराखंड अलग राज्य बना। राज्य निर्माण के बाद उन्होंने उत्तराखंड को विशेष औद्योगिक पैकेज भी दिया। उन्होंने कहा आज केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि युवा साथियों एवं मातृशक्ति ने इस आंदोलन का नेतृत्व किया। शहीदों के सपनों के अनुसार आज राज्य में विकास की नींव रखी जा रही है। मुजफ्फरनगर के स्थानीय लोगों ने भी आंदोलनकारियों का साथ दिया। इस दौरान कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव कुमार बालियान, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ( उत्तर प्रदेश सरकार ) कपिल देव अग्रवाल, विधायक प्रदीप बत्रा, उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड संस्कृत साहित्य एवं कला परिषद् सुश्री मधु भट्ट, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजेंद्र अंथवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा रूड़की शोभा राम प्रजापति, भाजपा जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर सुधीर सैनी, सचिव संस्कृति हरि चंद्र सेमवाल, जिलाधिकारी हरिद्वार धीराज सिंह गर्ब्याल, निदेशक संस्कृति सुश्री बीना भट्ट एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# सीएम धामी ने राष्ट्रपिता और लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन, पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 03 अक्टूबर : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, सीएम धामी गांधी पार्क पहुंचे और बापू की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया।

भारत को आजादी दिलाने के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हमें अपने आचरण में अहिंसा का भाव जागृत करने के साथ ही मानवता के प्रति करूणा का भाव पैदा करना होगा। यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और पद्म विभूषण स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने इसमें जय विज्ञान को जोड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसमें जय अनुसंधान जोड़कर नए भारत का नारा 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान' दिया है।



हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# उत्तराखंड में जल्द शुरू होगा बर्फबारी का सीजन, मौसम को लेकर ताजा अपडेट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 03 अक्टूबर : उत्तराखंड में इन दिनों मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। अब मानसून की विदाई का वक्त करीब है, हालांकि उससे पहले कई जगहों पर बारिश हो सकती है। पहाड़ी इलाकों में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है, जबकि मैदानी इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। लगातार हवाओं के रुख परिवर्तन से मौसम में बदलाव आ रहा है। अब जल्द ही पहाड़ों पर बर्फबारी का दौर शुरू होने वाला है। मौसम की धूप-छांव के बीच ज्यादातर जगहों पर मौसम साफ रहेगा। बीते दिनों मानसून ने पर्वतीय इलाकों में भारी तबाही मचाई। कहीं सड़कें भूस्खलन की भेंट चढ़ गई तो कहीं पुल टूट गए। सरकारी संपत्ति को करोड़ों का नुकसान हुआ है। हालांकि अब मौसम सामान्य हो गया है। मौसम विभाग की मानें तो उत्तराखंड में अब मानसून की विदाई का दौर चल रहा है। मानसून के जाने से पहले कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। निचले इलाकों में अगले तीन दिन बारिश से राहत रहेगी, यहां मौसम पूरी तरह साफ रहने की संभावना है।उधर, मौसम के साफ होते ही मैदानी इलाकों में तापमान फिर बढ़ने लगा है। बीते दिन उमस भरी गर्मी ने लोगों को खूब परेशान किया। कड़ी धूप के बीच अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। काशीपुर का अधिकतम तापमान 35.7 व न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बाजपुर शहर का अधिकतम तापमान 35.4 व न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का कहना है कि लगातार हवाओं के रुख परिवर्तन से मौसम में बदलाव आ रहा है। अब जल्द ही पहाड़ों पर बर्फबारी का दौर शुरू होने वाला है।





# उत्तराखंड : ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल नेटवर्क को लेकर बड़ा अपडेट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश 03 अक्टूबर : उत्तराखंड से ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। इस परियोजना को साल 2024 तक पूरा होना था, लेकिन अब प्रोजेक्ट को लेकर चिंता बढ़ाने वाली खबर आई है। दरअसल पहाड़ों पर ट्रेन चलाने को अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

रेल विकास निगम साल 2026 तक ऋषिकेश-व्यासी के बीच ही रेल लाइन बना सकेगा। परियोजना में देरी की कई वजहें हैं। कोरोना काल के दौरान प्रोजेक्ट का कार्य थम गया था।जिससे कर्णप्रयाग तक रेल लाइन बिछने में अधिक समय लग रहा है।

बीते दिन रेल विकास निगम के ऋषिकेश स्थित दफ्तर में एक प्रेस कांफ्रेंस हुई। जिसमें आरवीएनएल के मुख्य परियोजना प्रबंधक अजीत यादव ने बताया कि 16216 करोड़ की लागत से तैयार हो रही 125 किमी लंबी रेल परियोजना में ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक 105 किमी रेल लाइन 17 सुरंगों के भीतर से होकर गुजरेगी। कोरोना संक्रमण की वजह से प्रोजेक्ट का काम लंबे समय तक बाधित रहा, लेकिन रेल विकास निगम ने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने के लिए पूरी ताकत लगा रखी है।ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक सुरंगों के भीतर बिछाई जाने वाली सिंगल ब्रॉडगेज रेल लाइन की लंबाई वैसे तो 105 किमी है, लेकिन देवप्रयाग से जनासू के बीच 14.8 किमी लंबाई की दो अलग-अलग सुरंग बनाई जाएंगी। इस डबल ट्यूब टनल में गाड़ियों के आने-जाने के लिए अलग-अलग ब्रॉडगेज लाइन बिछाई जाएगी। उम्मीद है कि 2026 तक ऋषिकेश-व्यासी के बीच रेल लाइन बनकर तैयार हो जायेगी। बता दें कि उत्तराखंड में खनन कार्य पर रोक है, प्रोजेक्ट के समय पर पूरा न होने की ये भी एक बड़ी वजह है। परियोजना की राह में आ रही चुनौतियों को देखते हुए प्रोजेक्ट में देरी होने की संभावना है।





# उत्तराखंड : 11 अक्टूबर को बंद होंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 03 अक्टूबर : हेमकुंड साहिब की यात्रा इस सीजन के अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रही है। 11 अक्टूबर को हेमकुंड के कपाट बंद हो जाएंगे और यात्रा में अब कुछ ही दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में अब हेमकुंड साहिब की यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है। बीते दिन 960 श्रद्धालुओं ने मत्था टेका जबकि उससे पिछले दिन 1330 श्रद्धालु मत्था टेकने पहुंचे।हेमकुंड साहिब के कपाट 11 अक्टूबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। मौसम साफ होने पर हेमकुंड आने वाले यात्रियों की संख्या भी बढ़ने लगी है। इस सीजन में अभी तक यहां 1,60800 श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि मौसम खुलने पर यात्री बढ़े हैं। हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने में चंद दिन शेष हैं। इस समय हेमकुंड साहिब का मौसम भी सुहावना बना है।



## डीएम सोनिका ने दी कलेक्ट्रेट परिसर में गांधी जी एवं शास्त्री जी को पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि

देहरादून। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर आज जिलाधिकारी सोनिका ने कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों /कार्मिकों के साथ गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इसके उपरान्त गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम......, रामधुन का गायन किया गया। जिलाधिकारी ने दोनो महापुरूषों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने देश के लोगों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना सिखाया, अपने हक के लिए अंग्रेजों के जुल्म के खिलाफ शांतिपूर्ण ढंग से ल ?ने की प्रेरणा दी। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री ने देश को संकल्प शक्ति दी और अनाज उत्पादन के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे ब ?ाया। कहा कि हमे इन महापुरुषों के योगदान को याद करके कुछ सीखना चाहिए। उन्होनें कहा कि गांधी जी एवं शास्त्री जी के विचारों एवं आदर्शों को हमे अपने जीवन आत्मसात करने की आवश्यकता है, इन महापुरूषों के विचारों को अपने कार्यक्षेत्र में प्रयोग करने पर निःस्वार्थभाव से दृढसंकल्प होकर कार्य करने की उर्जा मिलती है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, नाजिर शिव भक्त ब ?थवाल, प्रधान सहायक राजेन्द्र सिंह, रमेश भट्ट, इन्द्रेश कोठारी सहित कलेक्टेऊट के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

## धूमधाम से मनाई गई गाँधी व शास्त्री जयंती

अल्मोड़ा। जिला कार्यालय अल्मोड़ा समेत जनपदभर में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूम धाम से मनाई गई। इस दौरान कलेक्ट्रेट एवं विकासभवन सहित सभी कार्यालयों में समस्त स्टाफ द्वारा दोनों महान विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी विनीत तोमर ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे तथा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के देश में किए गए योगदान को याद किया गया। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# मंत्री गणेश जोशी ने राष्ट्रपिता और लाल बहादुर शास्त्री की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 03 अक्टूबर : कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने महात्मा योगेश्वर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मसूरी में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मंत्री गणेश जोशी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी मूर्ति और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। योगेश्वर सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज मसूरी में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने छात्र छात्राओं और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा गांधीजी को ₹राष्ट्रपिता₹ के रूप में सम्मानित किया जाता है, क्योंकि उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को अद्वितीय तरीके से नेतृत्व किया और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक अद्वितीय अहिंसा और सत्याग्रह के माध्यम से लिया। उन्होंने कहा महात्मा गांधी के दिए गए संदेशों में अहिंसा, सद्ग्रंथ, सर्वोदय और सर्वधर्म समानता के मूल्यों का महत्वपूर्ण स्थान है। महात्मा गांधी का आदर्श और उनके कार्यों ने भारत को स्वतंत्रता प्राप्त कराने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और विश्वभर में उन्हें महान नेता के रूप में मान्य दिलाई। उन्होंने कहा महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देने का एक अच्छा तरीका है। हम उनके दिए गए मूल्यों को अपन जीवन में अपनाएं और उनके संदेशों आगे बढ़ाने का प्रयास करें।

मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा जय जवान-जय किसान का नारा देने वाले नारे के द्वारा भारत के दो सबसे बड़े स्तंभ किसान और जवान दोनों को सशक्त किया। उन्होंने कहा लालबहादुर शास्त्री का हरित क्रांति और औद्योगिकीकरण में दिखाया गया मार्ग सदैव देश वासियों को स्मरणीय रहेगा। मंत्री ने कहा उनके आदर्श एवं विचार देशवासियों को युगों-युगों तक प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने सभी को दोनों महापुरुषों के बताए गए मार्गो पर चलने का आह्वान किया। मंत्री गणेश जोशी ने कहा महात्मा योगेश्वर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रांगण में महात्मा गांधी की नई स्थापित प्रतिमा का निर्माण भी किए जाएगा।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुर स्कूल में धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

सहारनपुर 03 अक्टूबर : स्कूलों में धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती। इसी के साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुर स्कूल में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प माला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बच्चों ने भारत माता, लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आदि की फैंसी ड्रेस में अपना अपना अभिनय की प्रस्तुति की। इसके बाद प्रधानमंत्री की अपील पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,

कार्यक्रम के चलते प्रधानाचार्य दीपक कुमार ने बच्चों को गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बारे में बताया। और स्कूल के स्टाफ के साथ महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रोग्राम के चलते बच्चों ने देशभक्ति गीत सुनाया, और विद्यालय की अध्यापिका अंकिता सैनी के साथ साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में महिमा आर्या , हेमंत कुमार , शिखा यादव , नीलम सैनी , रजनी , अनीता शुक्ला के साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर गांव कमालपुर के प्रधान सोयब अली के साथ गांव के अन्य लोग मौजूद रहे।

## टिहरी में राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया

नई टिहरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर लोगों ने उनके चित्रों पर पुष्प आर्पित कर उन्हें याद किया। दूसरी ओर से रामपुर तिराहे गोलीकांड में शहीद हुये राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि देकर याद किया। टिहरी जिले के देवप्रयाग, लंबगांव, घनसाली, चंबा, नरेन्द्रनगर, थत्यूड़ सहित विभिन्न कस्बों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जंयती धूमधाम से मनाई गई। देवप्रयाग महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी के नेतृत्व में भगवत गीता के द्वितीय अध्याय का पाठ किया गया। लंबगांव में प्रतापनगर कांग्रेस कमेटी ने विधायक विक्रम सिंह नेगी के नेतृत्व में लंबगांव में स्वच्छता अभियान चलाया। विधायक ने पर्यावरण मित्रों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया। घनसाली, चमियाला, नरेन्द्रनगर, चंबा और थत्यूड़ आदि कस्बों में विभिन्न संगठनों से जुड़ें लोगों ने राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री की जंयती पर गोष्ठी और रामधुन भजनों का गायान किया गया। उधर दूसरी ओर वर्ष 1994 में रामपुर तिराहे गोलीकांड में शहीद हुये उत्तराखंड राज्य आंदोलकारियों को विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक और व्यापारी संगठनों से जुड़े लोगों ने श्रद्धांजलि देकर याद किया। मौके पर डा.एमएन नौडियाल, बर्फ चंद रमोला, डा. आदिल कुरैशी, डा.दिनेश टम्टा, देवी सिंह पंवार ,धूम सिंह रांगड, शंकर पाल सजवाण, ममता पंवार, मुरारीलाल खंडवाल, सौरभ रावत, दयाल सिंह सजवाण, राजेश रावत, जय सिंह चौहान, धीरेंद्र मेहर, देवकी रांगड, अंजली रावत, नत्था रावत, त्रेपन रावत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुज्जफरनगर गोली कांड के दोषियों पर कार्यवाही की मांग

नई टिहरी। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारियों ने नई टिहरी में शहीद स्मारक पर उत्तराखंड आंदोलन के दौरान मुजफ्फरनगर रामपुर तिराहा गोली कांड में शहीद हुए आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। गोष्ठी में सभी आंदोलनकारियों ने सरकार से मांग की कि इस गोलीकांड के जिम्मेदार अधिकारियों पर शीघ्र ही कार्रवाई की जाए। और सभी चिन्हित आंदोलनकारियों को राज्य सेनानी घोषित किया जाए। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों ने उत्तराखंड सरकार से वादा निभाने की भी मांग करते हुए कहा कि उनकी मांगों को पूरा किया जाय। नई टिहरी स्थित शहीद स्थल को शीघ्र ही उत्तराखंड राज्य निर्माणकारी शहीद स्थल घोषित किया जाए। इसमें उत्तराखंड आंदोलन की प्रेरणा स्रोत स्व इंद्रमणि बडोनी की प्रतिमा स्थापित की जाए। इस अवसर पर सभी राज्य आंदोलनकारियों ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पंडित लाल बहादुर शास्त्री को देश को आजाद करने में उनके योगदान को याद करते हुए। उनकी प्रतिमाओं पर भी पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंदोलनकारी मंच के जिला अध्यक्ष ज्योति प्रसाद भट्ट ने की तथा संचालन उपाध्यक्ष देवेन्द्र नौडियाल ने किया। कार्यक्रम में मंच के संरक्षक विजय गुनसोला, महामंत्री किशन सिंह रावत, प्रवक्ता विक्रम सिंह कठैत , सचिव उत्तम तोमर, श्रीपाल चौहान, राज्य आंदोलनकारी राजेंद्र बहुगुणा, हरि कृष्ण लंबा, मान सिंह रौतेला, विजयपाल सिंह रावत, हरेंद्र तोपवाल, रविंद्र सेमवाल, राजपाल सिंह मियां आदि उपस्थित रहे।

### समाज सुधार की मिसाल थे गांधी-कांग्रेस

नई टिहरी। कांग्रेस के जिला कार्यालय में ध्वजारोहण और रामधेनू के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और राज्य निर्माण में शहीद हुए राज्य आंदोलनकारी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर महान विभूतियों का स्मरण किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी समाज सुधार की मिसाल थे। उन्होंने जीवन में व मूल्य स्थापित किये। जिनके कारण उन्हें राष्ट्र पिता के रूप में माना जाने लगा। इसी तरह से शास्त्री ने जीवन में देश व जन सेवा को अपना लक्ष्य बनाकर राजनीती की। उन्होंने जीवन को संघर्ष का पर्याय माना। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी केअध्यक्ष राकेश राणा, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष आशा रावत, राज्य आंदोलनकारी ममता उनियाल, प्रदेश महासचिव विजय गुनसोला, प्रदेश सचिव मुशर्रफ अली, राज्य आंदोलनकारी संगठन के अध्यक्ष ज्योति प्रसाद भट्ट, आनंद सिंह बेलवाल, देवेंद्र नौटियाल, मीना शाह, अनीता रावत, लक्ष्मी रावत, अनीता साह, मानसिंह रौतेला, हरेंद्र तोपवाल, किशोर सिंह मंदरवाल आदि मौजूद रहे।

### अल्केश्वर घाट में चलाया सफाई अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य एवं गांधी, शास्त्री जयंती पर लार्सन और टूब्रो( एलएंडटी ) कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अलकनंदा नदी स्थित अल्केश्वर घाट एवं आस-पास सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर कूड़ा एकत्रित कर स्वच्छता ही सेवा की शपथ भी ली गई। कंपनी के परियोजना प्रबंधन सुनील गुप्ता ने लोगों को डेंगू से बचाव की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि अभियान में कंपनी के प्रशासनिक अधिकारी श्यामदत्त जोशी के अलावा रेलवे पैकेज 4 के अंतर्गत जनासु और सौड़ देवप्रयाग में कार्यरत कर्मचारी शामिल हुए।

# हरिद्वार : गिरफ्तार हुआ फर्जी डीएम कारनामे सुनकर आप भी हो जाएंगे हैरान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 03 अक्टूबर : हरिद्वार में नौकरी का झांसा देकर बेरोजगारों को ठगने वाला शातिर जालसाज पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी पर 70 लाख की धोखाधड़ी का आरोप है। ज्वालापुर और रानीपुर कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के तीन साथी फरार हैं, पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। आरोपी खुद को कभी डीएम तो कभी समीक्षा अधिकारी बताकर बेरोजगारों को ठग रहा था। उसने एक युवती को शादी-नौकरी का झांसा देकर उसका प्लाट और कार भी हड़प ली थी। चलिए पूरा मामला बताते हैं। 21 सितंबर को ज्वालापुर कोतवाली में खन्नानगर निवासी चेतना अरोड़ा ने केस दर्ज कराया था।

उसने बताया कि निहार कर्णवाल निवासी खन्नानगर ने खुद को डीएम और पीडब्ल्यूडी अधिकारी बताकर चेतना से धोखाधड़ी की। उसने एसडीएम के पद पर जॉब लगवाने के एवज में 70 लाख रुपये मांगे। पीड़ित के पास इतनी बड़ी रकम नहीं थी। तब निहार कर्णवाल ने अपने साथी निशांत कुमार और अन्य के साथ मिलकर धोखाधड़ी कर उसके भाई का मकान हड़प लिया। मामले की जांच चल ही रही थी कि इसी दौरान निहार के खिलाफ एक युवती ने शादी और नौकरी का झांसा देकर उसके माता-पिता से प्लॉट और कार हड़पने का केस दर्ज करा दिया।

युवती ने निहार कर्णवाल पर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का भी आरोप लगाया। केस दर्ज होने पर आरोपी भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। निहार कर्णवाल के तीन साथियों निशांत कुमार गुप्ता, निखिल बेनीवाल, मेमकिला की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपी गैंग बनाकर काम करते थे और बेरोजगार युवक-युवतियों को अपने जाल में फंसाकर लूट लेते थे। निहार खुद को डीएम बताता था, जबकि उसके लिए गाड़ियों और गनर का इंतजाम निशांत करता था। फिलहाल आरोपी निहार पुलिस की गिरफ्त में है, उससे पूछताछ की जा रही है।





# हरिद्वार : ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर हादसे में मामा-भांजे की दर्दनाक मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 03 अक्टूबर : हरिद्वार के सिडकुल थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रैक्टर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मामा और भांजे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, घटना बीती देर शाम की है। रोहित पुत्र किशनलाल अपने मामा रवि कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम मुगल माजरा जिला सहारनपुर के साथ मोटरसाइकिल से रसूलपुर जा रहे थे। रसूलपुर टोंगिया के पास पहुंचते ही अचानक एक ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों की मौत हो गई।

थाना प्रभारी नरेश राठौर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए हैं। मृतक रोहित के भाई शुभम की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।



# उत्तराखंड में अगले 3 दिन ऐसा रहेगा मौसम का हाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 03 अक्टूबर : दक्षिण पश्चिमी मानसून राजस्थान समेत कई राज्यों से विदा ले चुका है। उत्तराखंड में भी मानसून की विदाई का वक्त करीब है। ज्यादातर इलाकों में मौसम साफ है, मैदानी क्षेत्रों में तापमान में बढ़ोतरी भी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो से तीन दिन में उत्तराखंड समेत अन्य प्रदेशों के कई हिस्सों से मानसून की विदाई शुरू हो जाएगी। उत्तराखंड में इस सीजन में अब तक सामान्य से महज चार फीसदी ज्यादा 1209 एमएम बारिश हुई है।

सितंबर में औसत वर्षा सामान्य से 17 प्रतिशत कम दर्ज की गई।सीजन में बागेश्वर और देहरादून समेत छह जिलों में अधिक वर्षा, जबकि पौड़ी व चंपावत समेत सात जिलों में सामान्य से कम वर्षा हुई।अगस्त में भी सामान्य से छह प्रतिशत कम वर्षा हुई थी। हालांकि, जुलाई में मेघ जमकर बरसे और सामान्य से 32 प्रतिशत अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई। प्रदेश में अब मानसून की विदाई का समय बिल्कुल नजदीक आ गया है। पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क होने लगा है और अगले तीन दिन बारिश की चेतावनी भी जारी नहीं की गई है।



मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. रोहित थपलियाल ने कहा कि प्रदेश में तापमान 34 डिग्री तक रह सकता है। बीते कई दिनों से मौसम शुष्क रहने के साथ ही मानसून देहरादून, हरिद्वार और पौड़ी से विदा ले ली। साथ ही ऊधमसिंहनगर के कुछ हिस्सों से भी मानसून जा चुका है। हालांकि, अभी पूरे प्रदेश से मानसून के विदा होने में दो दिन और लग सकते हैं। इस बीच पूरे मानसून सीजन में प्रदेश में सामान्य वर्षा हुई।

## डालनवाला में डॉ.बलबीर सिंह की 49 वीं बरसी मनाई

देहरादून। पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के उप कुलपति प्रो. अरविंद की अगुवाई में डॉ. बलबीर सिंह साहित्य केंद्र डालनवाला में डॉ. बलबीर सिंह का 49 वां बरसी समागम आयोजित किया गया। श्री सुखमनी साहिब के पाठ के पश्चात कंवर पाल सिंह के जत्थे ने गुरबाणी का भाव विभोर कीर्तन किया। डॉ. दिलबर सिंह सहायक डायरेक्टर युवक सेवाएं पंजाब सरकार ने सिंह सभा लहर के 150 साल स्थापना दिवस के विषय में विचार रखते हुए बताया कि जिस समय श्री गुरु सिंह सभा लहर का आरंभ हुआ उस समय सिख सिद्धांतों एवं मर्यादा की दृष्टि से सिखों में बहुत कमियां आ चुकी थी। इन कमियों को दूर करने के लिए सिंह सभा लहर ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया। सिख पुर्नजागृति का सराहनीय कार्य किया। दून की संगत की ओर से देवेंदर सिंह बिंद्रा, सिख विश्वकोश विभाग के मुखी प्रो. परमवीर सिंह, इंचार्ज डॉ. कुलविंदर सिंह, हरवीर सिंह रंधावा, पुरुषोत्तम सिंह, कश्मीर सिंह, अमरजीत सिंह भाटिया, जेएस ओबेरॉय, अंबर खरबंदा, आनंद असीर, अरविंदर सिंह, परमिंदर सिंह, मनजीत कौर, जतिंदर कौर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हिमालयन एफसी, आरआईएमसी और नकरोंदा ने जीता फुटबॉल मैच

देहरादून। देहरादून फुटबाल एकेडमी और खेलो मास्टर्स गेम्स फाउंडेशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से आयोजित दून कप स्टेट फुटबाल चैंपियनशिप-2023 के अंडर-12 वर्ग में आरआईएमसी, अंडर-17 नकरोंदा एफसी और 45 प्लस में हिमालयन एफसी ऋषिकेश ने जीत दर्ज की। देहरादून के लाला मान सुमरथ दास मेमोरियल पवेलियन फुटबाल ग्राउंड में सोमवार को फाइनल मुकाबले खेले गए। फुटबाल एकेडमी के संस्थापक अध्यक्ष विरेंद्र सिंह रावत ने बताया की अंडर-12 का फाइनल आरआईएमसी और विल्स युथ क्लब देहरादून के बीच खेला गया। इसमें आरआईएमसी ने 1-0 के अंतर से जीत दर्ज की। टीम के लिए आयुष ने एक गोल दागा। अंडर-17 में नकरोंदा एफसी देहरादून ने आरआईएमसी को पेनल्टी में 3-2 से शिकस्त दी। इसी प्रकार 45-प्लस के फाइनल में हिमालयन एफसी ऋषिकेश ने उत्तराखंड एफसी को पेनल्टी सूट में 7-6 के अंतर से पराजित किया। पूर्व नेशनल गोल कीपर बिनेश राणा, पूर्व नेशनल खिलाड़ी मनीष शर्मा, बलूनी स्कूल के एमडी बिपिन बलूनी, दून वेली इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल चिरंजीव सोही, ब्राइट स्पेस स्कूल के एमडी बृजेश शर्मा, उत्तराखंड फुटबाल एसोसिएशन के सीनियर उपाध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट ने विजेता टीमों को मेडल प्रदान किए। मौके पर विमल सिंह रावत, सुरेंद्र पुन, विजय खंडूड़ी, श्याम, महेंद्र सिंह रावत, संजय गुसाईं, दिलबर सिंह बिष्ट, नलिश शर्मा आदि मौजूद थे।

### बलूनी डिफेंस एकेडमी के छात्रों ने संतला देवी में की सफाई

देहरादून। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अवसर पर सोमवार को बलूनी डिफेंस एकेडेमी के छात्र संतला देवी ट्रेकिंग के लिए गए। जहां ट्रेकिंग के बाद छात्रों ने आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया । जिसमें उन्होंने कई किलो प्लास्टिक कंचरा सहित अन्य कचरा जमा किया। जो बाद में डंपिंग जोन भिजवाया गया। एकेडमी के प्रबंधक विपिन बलूनी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सफाई के साथ पर्यावरण संरक्षण के बारे में समझाना था। इस दौरान सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल पंकज नौटियाल भी मौजूद रहे।

### पुरानी पेंशन बहाली को कर्मचारी संगठन होंगे लामबंद

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली को सभी कर्मचारी संगठन लामबंद हो गए हैं। दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निकाली गई रैली में उमड़ी भीड़ से कर्मचारी संगठन उत्साहित हैं। उत्तराखंड के भीतर कर्मचारी संगठन भी आंदोलन तेज करने जा रहे हैं। सरकार पर दबाव बनाने को लेकर राज्य में चरणबद्ध अभियान तेज किया जाएगा। दिल्ली से लेकर राज्य के भीतर पहले राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा और फिर राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन संगठन की रैली में कर्मचारियों की भीड़ जुटा कर केंद्र पर दबाव बनाया गया। इन दोनों संगठनों के बैनर तले राज्य के भीतर भी लगातार अभियान जारी है। एक अक्तूबर को ही काला दिवस मनाया गया। अब इन दोनों संगठनों के बैनर तले राज्य के कर्मचारी संगठन भी लामबंद भी हो गए हैं। एक अक्तूबर 2005 के बाद के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। इसके बावजूद पुरानी पेंशन बहाली की मुहिम में 2005 से पहले वाले कर्मचारी भी एकजुट हो गए हैं। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने कहा कि अब केंद्र और राज्य सरकार को कर्मचारियों की ताकत को समझ लेना चाहिए। कई राज्यों के चुनावी नतीजे भी कर्मचारियों की इसी ताकत को अहसास कराने को काफी हैं। ऐसे में अभी भी समय है कि लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन बहाली का फैसला ले लिया जाए। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि प्रदेश भर के कर्मचारियों की इस समय सिर्फ पुरानी पेंशन बहाली ही एकमात्र सबसे बड़ी मांग है। इस मांग को नजरअंदाज करने का सीधा असर चुनाव नतीजों पर पड़ेगा। इस बार ये मुहिम पेंशन बहाली होने तक जारी रहेगी।

### विधायक ने किया प्रेमनगर विंग सात में सीसी सडक़ का शिलान्यास

देहरादून । कैंट विधायक सविता कपूर ने प्रेमनगर विंग 7 में विधायक निधि के माध्यम से सीसी स?क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सविता कपूर ने कहा कि प्रेमनगर में अनेक गलियों का निर्माण इस बार कराया गया है। प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य हुए हैं। प्रेमनगर में अनेकों छोटी छोटी गालियां हैं, जहां स?कों की हालत अत्यंत खराब है। प्रयास किया जा रहा जल्द ही सबका निर्माण पूर्ण हो। विंग 7 में भी स?क कार्य का लोकार्पण होने के पश्चात लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग से भी प्रेमनगर में आंतरिक मार्गो का पुनिर्माण कार्य जल्द स्वीकृत हो जाएगा।

# देहरादून-उत्तरकाशी तक एक ही सुरंग से गुजरेगी गाड़ी वे रेलगाड़ी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 03 अक्टूबर : उत्तराखंड में केंद्र की मदद से बड़ी परियोजनाओं पर काम चल रहा है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना इनमें से एक है। इस रेल परियोजना के जरिए चारधाम की यात्रा को नए आयाम मिलेंगे। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम को भी रेल परियोजना से जोड़ा जाएगा। इतना ही नहीं गंगोत्री-यमुनोत्री धाम को रेल लाइन से जोड़ने वाली सुरंगों में ट्रेन के लिए ट्रैक के साथ वाहनों के लिए सड़क भी साथ-साथ बनाई जाएगी। इससे सुरंग में ट्रेन और वाहन एक साथ फर्राटा भर सकेंगे। धामी सरकार ने इस दिशा में प्रयास तेज कर दिए हैं। रेलवे बोर्ड भी परियोजना से संबंधित डाटा साझा करने के लिए तैयार हो गया है।

आरवीएनएल ने सर्वेक्षण और तकनीक जांचों के बाद 121.76 किमी लंबे रेलवे ट्रैक के लिए करीब 29 हजार करोड़ की फाइनल डीपीआर रेलवे बोर्ड दिल्ली भेज दी है। इसमें से 70 प्रतिशत ट्रैक सुरंगों के अंदर होगा। उधर, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) भी दून को टिहरी झील से सीधे सुरंग मार्ग से जोड़ने की परियोजना पर काम कर रहा है। सुरंग रानी पोखरी के पास से शुरू होकर झील के पास कोटी कॉलोनी (टिहरी) तक प्रस्तावित है। जिसकी कुल लंबाई करीब 35 किमी होगी। दून को टिहरी से जोड़ने के लिए अलग से सुरंग न बनाकर इसे रेलवे की परियोजना के साथ जोड़ने की कवायद चल रही है। रेल विकास निगम के परियोजना प्रबंधक ओम प्रकाश मालगुड़ी ने बताया कि उत्तराखंड शासन की ओर से परियोजना से संबंधित डाटा साझा करने का अनुरोध पत्र प्राप्त हुआ था। इसकी कुछ औपचारिकताएं हैं, जिन्हें पूरा किया जा रहा है।

एक सप्ताह के भीतर डाटा साझा कर दिया जाएगा। इसमें सेटेलाइट मैपिंग, जियोफिजिकल सर्वे, डिजीटलाइजेशन मॉडल स्टडी शामिल है। सचिव लोनिवि डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों परियोजनाओं पर केंद्र ने पैसा खर्च करना है। ऐसे में यह विचार सामने आया कि दोनों परियोजनाओं को संयुक्त रूप से पूरा किया जा सकता है। इससे धन की भी बचत होगी और पर्यावरण को कम नुकसान होगा। रेलवे बोर्ड और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय इस संबंध में जल्द ही ठोस फैसला ले सकते हैं। दोनों परियोजनाएं आम जन की परिवहन सुविधा से जुड़ी हैं।

## दुनिया में ऐसा भी देश जहां सरकारी कामकाज में नहीं होता कागज का इस्तेमाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 अक्टूबर : दुनिया के लगभग सभी देश पर्यावरण को बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। नए– नए नियम लागू किये जा रहे हैं। वहीं पर्यावरण संरक्षण और पेड़ों की कटाई रोकने के लिए सरकार द्वारा कई सारे कार्यक्रम, रैलियां, भाषण और आर्टिकल आपने सुने होंगे। अब वर्तमान समय में देखा जाए तो हरियाली बनाए रखने और कागज का कम से कम उपयोग हो, इसलिए कई देश डिजिटल वर्क को ज्यादा बढ़ावा दिया जा रहा है। इन सब में दुबई दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है, जहां कागज का उपयोग पूरी तरह बंद हो गया है। यहां की सरकार दुनिया की पहली ऐसी सरकार है जो अपने सरकारी काम में कागज का उपयोग नहीं करेगी।

कागज का उपयोग न होने का सीधा मतलब यह कि, दुबई में सारे काम अब पूरी तरह से डिजिटल हो गए हैं। क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मख्तूम ने सरकारी दफ्तरों के पेपरलेस होने की घोषणा की है। उनके अनुसार, ये लोगों के जीवन को डिजिटल बनाने के लिए एक नए युग की शुरुआत है। यह पूरी तरह से एक अलग और नया जीवन होगा। इससे करोड़ों डॉलर्स बचेंगे और शारीरिक श्रम की भी बचत होगी।



रिपोर्ट्स के अनुसार दुबई में सरकारी कामकाज को पेपरलेस बनाने की शुरुआत 2018 में ही शुरू हो गई थी, जो अब अपने लक्ष्य को पा चुकी है। पेपरलेस गवर्नेंस के चलते 33.6 करोड़ पेपरशीट हर साल बचाई जा सकेगी और इससे दुबई सरकार इस कानून से हर साल लगभग USD 350 million यानि भारतीय मुद्रा में करीब 2700 करोड़ रुपए बचा पाएगी। जिससे लगभग 14 लाख श्रम घंटों की बचत होगी।

## पुलिस अधीक्षक ने स्वच्छता कर्मियों को दिये उपहार

चमोली। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने पुलिस लाईन गोपेश्वर में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण कर माल्यार्पण किया। पुलिस अधीक्षक ने गांधी और शास्त्री के जीवन संघर्ष, देश सेवा तथा उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए विशेष रूप से गांधी द्वारा निर्बलों के कल्याण संबंधी अंत्योदय की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के संबंध में उनके विचारों के बारे में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अवगत कराते हुए उनके आदर्शो को अपनाने की बात कही। एसपी ने पुलिस बल को अन्तर्राष्ट्रीय अंहिसा दिवस पर शपथ दिलायी। गांधी जयंती पर पुलिस लाइन में नियुक्त सफाई कर्मियों के उत्साहवर्धन हेतु उपहार भेंट किये।

## थराली में गांधी जयंती पर निकाली स्वच्छता रैली

चमोली। गांधी जयंती पर नगर पंचोलो थराली एव स्कूली बच्चो ने प्रभात फेरी निकाली जिसमे प्रशासन के आला अधिकारी सहित नगर पंचायत के नागरिकों ने भी भी भाग लिया। सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर नगर पंचायत थराली में नगर पंचायत अध्यक्ष दीपा भारती ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान नगर पंचायत के ब्रांड एम्बेसडर रमेश चन्द्र थपलियाल एव नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी टंकार कौशल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एव पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। बाद में स्वच्छता पखवा?ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया गया। गांधी जयंती के अवसर पर थराली तहसील के विभिन्न विद्यालयों के स्कूली बच्चो,आम नागरिकों ने स्वच्छता पर रैली निकाली। इस दौरान कई बच्चे महात्मा गांधी, लालबहादुर शास्त्री एव भीमराव अंबेडकर की भेष भूषा पहने रैली के साथ चल रहे थे,जो रैली के आकर्षण के केंद्र बने रहे। इन बच्चों के साथ सेल्फी लेने की हो? सी स्थानीय लोगो के साथ दिखाई दी। रैली को थराली के विधायक भूपालराम टम्टा ने राष्ट्रीय ध्वज दिखाकर रवाना किया। निकाल गांधी जी को स्मरण किया। स्वच्छता रैली में आम नागरिकों के साथ-साथ उपजिलाधिकारी थराली रविन्द्र जुवाठा, तहसीलदार प्रदीप नेगी, नगर प्रशासन के कर्मचारी और राजकीय इंटर कॉलेज थराली के प्रधानाचार्य महिपाल सिंह फर्श्वान, एनसीसी के कैप्टन मनोज विल्जवान आदि सम्मलित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गैरसैंण में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

चमोली। गांधी एवं शात्री जी की जयंती एवं दो अक्तूबर के मौके पर गैरसैंण में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। रामलीला मैदान के कांग्रेसजनों के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री शात्री जी को याद करते हुये उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इनमें बीसीसी अध्यक्ष दान सिंह, पंकज, रमेश, हरेन्द्र कंडारी, प्रमोद व देव सिंह आदि थे वही दूसरी ओर विस भरा?ी सैंण में विस प्रभारी शेखर पंत के नेतृत्व में विधान सभी के कक्ष में महात्मा गांधी एवं शात्री को याद करते हुये उनके चित्र पर मालार्पण कर राम धुन गायी गयी। इस अवसर पर बीडीओ अशोक शर्मा,ग्राविअ विनोद गौड,जीआईसी प्रधानाचार्य बीडीएस नेगी आशा टम्टा आदि थे। वहीं दूसरी ओर प्रखंड के विद्यालयों में झंडारोहण व सफाई अभियान चलाया गया।

### गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक

चमोली। अंतर्राष्ट्रीय महात्मा गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित और पद्म विभूषण चंडी प्रसाद भट्ट ने कहा महात्मा गांधी के विचार और जीवन दर्शन हर समय प्रासंगिक हैं और रहेंगे। चमोली जिले के बछेर सर्वोदय केंद्र में गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री वाला बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर गांवों के विकास में गांधी के विचारों पर आयोजित विचार गोष्ठी में सर्वोदयी नेता चंडी प्रसाद भट्ट ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों से स्वाभिमान और आत्म निर्भर गांव और आत्म निर्भर भारत बनाया जा सकता है। गांधी जयंती पर आयोजित इस विचार गोष्ठी की अध्यक्षता बछेर के प्रधान हर्षवर्धन नेगी की। गोष्ठी मे गांवों से आयी महिलाओं ने अपनी बात रखी। भट्ट ने गांधी के विचार और कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा गांधी के विचार प्रासंगिक है, जीवन के हर क्षेत्र की समस्यायों के निराकरण का रास्ता इनमें खोजा जा सकता है। उन्होंने महिलाओं द्वारा अपने अपने गांव में ग्राम विकास से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की प्रसंशा करते हुए कहा कि हमें अपने पर विश्वास करना होगा। यही विश्वास हमें हमारे लक्ष्यों तक पहुंचने का माध्यम बनता है। इस अवसर पर अलग-अलग गांवों से आई महिलाओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वधर्म प्रार्थना से हुआ। गांधी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम समेत अनेक भजन महिलाओं ने प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मंगला कोठियाल, सोनला के सरपंच राजेन्द्र सिंह रावत, पूर्व प्रधान भक्ति देवी, विनय सेमवाल, ओम प्रकाश भट्ट, अब्बल सिंह नेगी समेत एक दर्जन से अधिक लोगों ने बात रखी।

### पर्यावरण मित्रों को स्वास्थ्य किट वितरित की

चमोली। नगर पालिका द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर पर्यावरण मित्रों को स्वास्थ्य किट का वितरण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी, ईओ गुरूदीप आर्य, सफाई निरीक्षक नितिन सती सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। वहीं नगर में तहसील, ब्लाक सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों और अन्य विभागों में गांधी और शास्त्री जयंती को धूमधाम से मनाया गया। यहां ध्वजारोहण के बाद स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। पीजी कालेज में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ सहित अन्य ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

### संस्कृत प्रतियोगिता में कर्णप्रयाग, गौचर अव्वल

चमोली। राजकीय इंटर कालेज में आयोजित दो दिवसीय संस्कृत प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। प्रतियोगिताओं में कर्णप्रयाग और गौचर ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिलास्तर के लिए स्थान बनाया है। सोमवार को विद्यालय परिसर में आयोजित प्रतियोगिताओं के समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य गिरीश डिमरी ने कहा कि द्वितीय राजभाषा संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस दौरान प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियागिताओं के संस्कृत नाटक में जीजीआईसी गौचर ने प्रथम और जीआईसी कर्णप्रयाग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समूह गान में जीआईसी कर्णप्रयाग और समूह नृत्य में जीआईसी सिमली प्रथम रहा। श्लोकोच्चारण में राजकीय महाविद्यालय कर्णप्रयाग प्रथम रहा। इस अवसर पर जीजीआईसी की निमिलता नेगी, अशोक कोठियाल, डा. प्रवीण शर्मा, समन्वयक बालकृष्ण उपाध्याय, श्रद्धा रावत सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# एसएसपी देहरादून की सटीक रणनीति से दून पुलिस का बड़ा एक्शन

## पुलिस के लगातार प्रयासों के बाद भी नहीं आ रहे थे पकड़ में, गिरफ्तारी से बचने के लिये लगातार बदल रहे थे ठिकाना

■ अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एसएसपी देहरादून ने किया स्पेशल टीम का गठन






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 03 अक्टूबर : जितेन्द्र चौहान, द्वारा थाना राजपुर में उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि0 1986 के तहत अभियोग पंजीकृत कराया, जिसमें एस0ए0 बिल्डटेक कंपनी के फाउंडर प्रेम दत्त शर्मा द्वारा अपने अन्य सहयोगियों सुनीता शर्मा, अराधना शर्मा, अरुण सेगन तथा गौरव आहूजा के साथ मिलकर एक सुनियोजित आपराधिक षड्यंत्र के तहत राजपुर क्षेत्रान्तर्गत मालसी में आर्टिगो रेजीडेंसी के नाम से बहुमंजिला आवासीय परिसर में फ्लैट विक्रय करने के नाम पर लोगों से करोड़ों रूपये निवेश करवाया गया तथा निवेषकों को फ्लैट पर कब्जा दिया गया और न ही रजिस्ट्री की गई। उक्त व्यक्तियों द्वारा एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते हुए धोखाधड़ी से आपराधिक षड्यंत्र रचकर लोगों की धनराशि को हड़प लिया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना राजपुर में पहले से ही अभियुक्तों के विरूद्ध धोखाधडी के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

**व्हाइट कालर क्रिमिनल कितने भी शातिर क्यों न हों दून पुलिस की गिरफ्त से दूर नहीं हैं, ऐसे सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करते हुए उनके द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी संपत्ति को जब्त किया जायेगा: एसएसपी**

थाना कोतवाली नगर पर विजय भूषण पाण्डे अधिकृत अधिवक्ता भारतीय स्टेट बैंक शाखा न्यू कैण्ट रोड द्वारा अभियोग पंजीकृत कराये गये, जिसमें एस0ए0 बिल्डटेक के साझेदार प्रेमदत्त शर्मा, सुनीता शर्मा, विजय लवाई, अराधना शर्मा व अन्य के द्वारा वर्ष 2013 में रायपुर क्षेत्र में *लवाई अपार्टमेंट के नाम पर प्रोजेक्ट शुरू करने तथा उक्त प्रोजेक्ट के तहत अलग-अलग लोगों को फ्लैट देने के एवज में भवन निर्माता द्वारा एसबीआई बैंक से एक त्रिपक्षीय अनुबंध पत्र सम्पादित करते हुए 04 अलग-अलग खरीददारों के नाम से बैंक लोन एप्रुवड कराकर उक्त धनराशि को अपने खातों में प्राप्त करते हुए उक्त फ्लैटों के विक्रय पत्र किसी अन्य के नाम पर सम्पादित करते हुए बैंक की कुल एक करोड़ बीस लाख पचास हजार रू0 की धनराशि हडप लेने के सम्बन्ध में 04 अलग-अलग अभियोग पंजीकृत कराये गये।

अभियुक्त गणों द्वारा स्वयं को आईसीआईसीआई बैंक से एप्रूव्ड बताकर थाना राजपुर क्षेत्र में वर्ष 2014 में आर्टिगो अपार्टमेंट के नाम से प्रोजेक्ट शुरू करने तथा लोगों से उक्त प्रोजेक्ट में निवेश करने की एवज में उन्हें फ्लैट उपलब्ध कराने से सम्बन्धित एग्रीमेंट किये गये तथा आईसीआईसीआई बैंक के माध्यम से उक्त लोगों के नाम पर फ्लैट के एवज में लोन पास करवाते हुए उक्त धनराशि को अपने खातों में प्राप्त किया गया तथा विक्रेताओं/निवेशकों को न तो फ्लैट उपलब्ध कराये गये और न ही रजिस्ट्री सम्बन्धित कोई भी कागजात दिये गये, इसके अतिरिक्त अर्टिगो रेजीडेंसी की जमीन के स्वामी द्वारा भी आरोप लगाया गया कि अभियुक्तगण द्वारा उनके साथ एक जॉइंट MOU बनाया गया था, जिसमें वादी द्वारा अपनी जमीन अर्टिगो रेजीडेंसी प्रोजेक्ट बनाने के लिए दी गई थी, जिसमें कंस्ट्रक्शन अभियुक्त गणों को करना था, तथा दोनों प्रोजेक्ट में 50-50% के पार्टनर थे। लेकिन अभियुक्त द्वारा सारे फ्लैट स्वयं बेच दिए गए और वादी को उसके पैसे नहीं दिए। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्त गणों के विरूद्ध थाना राजपुर में धोखाधडी के 07 अलग-अलग अभियोग पंजीकृत किये गये

जनपद देहरादून में अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत होने के बाद से ये सभी विभिन्न अभियोगों में लगातार फरार चल रहे थे। जिनके विरूद्ध मा0 न्यायालय द्वारा गैर जमानती वांरट भी जारी किये गये थे। पुलिस द्वारा पूर्व में कई बार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु उनके संभावित स्थानों पर दबिशें दी गई, परंतु पुलिस टीम को कुछ खास सफलता हाथ नहीं लगी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा संगठित गिरोह बनाकर व्हाइट कालर क्राइम करने वाले अभियुक्तों के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिये गये थे, लेकिन उक्त प्रकरणों में थाना स्तर पर विवेचक व गठित टीम द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार किये जा रहे प्रयासों के बाद भी कोई खास कामयाबी न मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एक स्पेशल टीम का गठन किया गया तथा टीम द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाहियों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, गठित टीम द्वारा अभियुक्तों के सम्बन्ध में गोपनीय रूप से जानकारी एकत्रित करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित चारों अभियुक्तों को दिनांकः 01/02-10-23 की देर रात्रि रूपनगर पंजाब से गिरफ्तार किया गया हैअपराध करने का तरीकाः अभियुक्त गणों द्वारा स्वयं की एक कम्पनी बनाकर जनपद देहरादून में विभिन्न स्थानों पर प्रोजेक्ट शुरू किये जाते थे तथा लोगो को विश्वास में लेने के लिये अपने प्रोजेक्ट को अधिकृत बैंक से एप्रूव्ड बताया जाता था। लोगों से प्रोजेक्ट में निवेश करने तथा फ्लैट लेने के एवज में उनसे अग्रिम धनराशि प्राप्त की जाती थी तथा सम्बन्धित बैंक से उक्त फ्लैटो के एवज में खरीद दारों/निवेशकों के नाम पर लोन अपने खातों में प्राप्त किया जाता था । इसके बाद अभियुक्तों द्वारा उक्त फ्लैटों का विक्रय पत्र किसी अन्य के नाम पर संपादित कर सम्बन्धित खरीददार व बैंक का पैसा हड़प लिया जाता था।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1- प्रेम दत्त शर्मा पुत्र स्वर्गीय यज्ञ दत्त शर्मा निवासी ग्राम तखतगढ़ थाना नूरपुर बेदी जिला रूपनगर पंजाब2- सुनीता शर्मा पत्नी प्रेम दत्त शर्मा निवासी उपरोक्त3- अरुण सेगन पुत्र विजय सैगन निवासी उपरोक्त4- आराधना शर्मा पत्नी अरुण सेगन निवासी उपरोक्त

## उत्तरकाशी बना राज्यस्तरीय बेसबॉल चैंपियन

नई टिहरी। बौराड़ी स्टेडियम में टिहरी बेसबॉल एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय राज्य स्तरीय बेसबॉल चैंपियनशिप का समापन हो गया। प्रतियोगिता में उत्तरकाशी की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। सोमवार को बौराड़ी स्टेडियम में आयोजित बेसबॉल चैंपियनशिप का समापन मुख्य अतिथि पूर्व कनि. प्रमुख कुलदीप पंवार, विशिष्ट अतिथि मोहन सिंह रावत ने किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पहले लीग मैच में टिहरी ने पौड़ी को 12-6 तथा दूसरे लीग मैच में देहरादून ने हरिद्वार को 10-6 के अंतर से हराया। पूल बी से टिहरी और हरिद्वार तथा पूल ए से उत्तरकाशी और पौड़ी सेमीफाइनल में पहुंचे। पहला सेमीफाइनल टिहरी और पौड़ी के बीच खेला गया, जिसमें टिहरी की टीम ने पौड़ी को 14 -8 के अंदर से तथा दूसरे सेमीफाइनल में उत्तरकाशी ने हरिद्वार को 10-7 के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में उत्तरकाशी ने टिहरी को 13 -10 से हराकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस मौके पर उत्तराखंड बेसबॉल संगठन अध्यक्ष विमल हरनाल, आयोजक सचिव सतीश आनंद, नागरिक मंच के कमल सिंह महर, चंडी प्रसाद डबराल, संजीव जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष कमल नयन रतूड़ी, जोगिंदर चौहान, राजपाल सिंह मियां, मनोज नेगी, रविंद्र सेमवाल, सतवीर चौहान, सुशील चौहान आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा गजा मंडल ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया

नई टिहरी। नरेन्द्रनगर गजा भाजपा मंडल की चाका कस्बे में बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं से सगंठन की लिये बूथ स्तर तक एकजुटता से कार्य करने की अपील की गई। कार्यकर्ताओं से सरल एप अपलोड करने की जानकारी भी दी गई। सोमवार को चाक कस्बे में भाजपा गजा मंडल की बैठक में मंडल प्रभारी भगवती प्रसाद रतूड़ी ने कार्यकर्ताओं से बूथ सशक्तिकरण के कार्य पर जोर देने को कहा। कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर पार्टी की एकता और मजबूती के लिये एकजुटता से कार्य करने की जरुरत है। नगर पंचायत गजा अध्यक्ष मीना खाती ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन बिल पास होने से महिलाओं में मोदी सरकार के प्रति और विश्वास बढ़ा है, जिसके बाद मातृ शक्ति का संगठन को लगातार समर्थन मिल रहा है। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चतर सिंह, मंत्री गजेन्द्र खाती, रतन सिंह रावत, ज्योति पंत, राजेश रावत, वीर सिंह असवाल, अनिल कुमार, कुलदीप सिंह, ईश्वरी प्रसाद बिजल्वाण, शूरवीर गुसाईं, मंगल सिंह, दिनेश बिजल्वाण, शैलेंद्र चौहान, मकान सिंह चौहान, राजेन्द्र रणाकोटी, हंसलाल चौहान सहित कई लोग मौजूद थे।

## न्याय न मिलने के विरोध में किया उपवास

नई टिहरी। प्रगतिशील जन मंच व राज्य आंदोलनकारियों ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन में मुजफ्फरनगर रामपुर तिराहे में शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जनमंच के अध्यक्ष अनिल स्वामी ने इस घटना को लेकर राज्य के निवासियों को न्याय न मिलने के विरोध में उपवास भी किया। उन्होंने कहा कि 26 वर्ष बाद भी इस घटना के दोषियों को सजा नहीं मिल पाई है, जो उत्तराखंड वासियों के साथ घोर अन्याय है। पौड़ी अड्डा स्थित पीपलचौरी में इस मौके पर जन मंच की ओर से श्रीनगर की समस्याओं के समाधान को लेकर 31वें दिन भी धरना दिया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि श्रीनगर की समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार धरना दिया जा रहा है, लेकिन उनके समाधान की ओर से प्रशासन व नगर निगम का ध्यान नहीं है। जिसका भुगतभोगी आम जनता को बनना पड़ रहा है। मौके पर अनिल स्वामी ने कहा कि सोमवार को सायं के समय पीपलचौरी से गोला पार्क तक रैली निकाली गई व मुजफ्फरनगर, रामपुर तिराहा कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अनिल दत्त तिवारी, अर्जुन सिंह बिष्ट, नन्द लाल जोशी, भगवती प्रसाद पुरी, बीपी डोभाल, शक्ति प्रसाद कगडयिाल, हरि प्रसाद उप्रेती, मुकेश अग्रवाल, गायत्री थपलियाल, हेमंती नेगी, द्वारिका सिंह पंवार, सिद्धि लाल, कुंवर सिंह चौहान, दिनेश पंवार, गिन्नी देवी सेमवाल, अरुण नेगी, रोटरी क्लब के ब्रजेश भट्ट, खिलेंद्र चौधरी, आरएस रावत, शिव सिंह रावत, उमेश चंद्र शर्मा, संजय भाई फौजी, राजेंद्र रावत, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

## कर्णप्रयाग में भाजपा ने खादी के उत्पाद खरीदे

चमोली। सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर भाजपाइयों ने खादी के उत्पाद खरीदकर बापू को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाजपाइयों ने खादी के साथ ही स्वदेशी अपनाने की अपील की। भाजपा नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत कर्ण मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष गणेश शाह, महिला मोर्चा की शशि खंडूड़ी, चेतन मनोड़ी, आलम सिंह, ममता राणा, आशा डिमरी, सरोज हटवाल, महिपाल सोनियाल आदि शामिल थे।

## बीमा योजना में सभी व्यापारियों को शामिल करने की मांग

चमोली। सरकार द्वारा जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को दस लाख तक का दुर्घटना बीमा दिए जाने की पहल पर व्यापार संघ ने सभी पंजीकृत व्यापारियों को इसका लाभ देने की मांग की है। व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद मैखुरी और जिला महामंत्री सुनील पंवार ने सरकार से नगर पालिका, पंचायत, उद्योग, श्रम सहित विभिन्न विभागों में पंजीकृत सभी व्यापारियों को इस योजना का लाभ देने की मांग की है। व्यापारी प्रतिनिधियों का कहना है कि जीएसटी में केवल बड़े व्यापारियों को इसका लाभ मिलेगा जबकि सभी पंजीकृत व्यापारियों के लिए योजना लागू करने पर छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को भी योजना का लाभ मिलेगा।

## डीएम ने सरस मेले की तैयारियों का लिया जायजा

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने पूर्णानन्द खेल मैदान मुनिकीरेती पहुंचकर राष्ट्रीय सरस आजीविका मेला-2023 की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, साफ सफाई, शौचालय व्यवस्था व मंच व्यवस्था को जल्द ही पूरा करने के डीएम ने निर्देश दिए। दस दिवसीय सरस मेला जनपद में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। मेले में सम्पूर्ण भारत से स्वयं सहायता समूहों व कास्तकारों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। वोकल फोर लोकल थीम पर उत्तराखण्ड एवं देश के विभिन्न राज्यों के स्वयं सहायता समूह के प्रतिभागियों, कास्तकारों, हस्तकला कारीगरों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं क्रय-विक्रय स्टॉलों के माध्यम से किया जायेगा।

# नारी को सशक्त करने में पतंजलि हमेशा से आगे रहा : बालकृष्ण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। पतंजलि विवि के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि देवभूमि के साथ पूरे देश की नारी को सशक्त करने में पतंजलि हमेशा से आगे रहा है। मातृ शक्ति की रक्षा मानवीय मूल्यों और सभ्यता को बचाने के लिए जरूरी है। यह बात उन्होंने सोमवार को पतंजलि विवि में आयोजित कार्यशाला में कही।

'महिला सशक्तिकरण एवं पोषणयुक्त भविष्य एक स्वच्छ एवं सम्पोषकीय दृष्टिकोण विषय पर पतंजलि विश्वविद्यालय के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला हुई। जिसमें महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने आचार्य बालकृष्ण के साथ शिक्षा एवं संस्कार और नारी सशक्तिकरण की भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार के विभिन्न प्रयासों पर चर्चा की। उन्होंने 'सशक्त नारी ही सशक्त भारत है का संदेश दिया। भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह ने कहा कि आज पूरे विश्व में महिला सशक्तिकरण केंद्र में है क्योंकि इसके बिना राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है।


विवि के प्रति कुलपति डॉ. महावीर अग्रवाल ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान को याद करते हुए भेदभाव के दृष्टिकोण को समाप्त करने का संकल्प करवाया।

पतंजलि अनुसंधान संस्थान की वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रिया आर्या ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर स्मरण किया। उन्होंने नारी के सशक्तिकरण में स्वामी दयानंद सरस्वती के योगदान पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर संगीत, योग नृत्य, शास्त्रीय नृत्य और योग के विभिन्न स्वरूप की मनमोहक प्रस्तुतियां भी हुई। विविध प्रतियोगिताओं में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यशाला का संचालन डॉ. आरती पाल ने किया। जिसमें पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज, पतंजलि अनुसंधान संस्थान सहित पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विवि के कुलानुशासक स्वामी आर्षदेव, विभिन्न संकायों के अध्यक्ष शामिल रहे।

## गाँधी जयंती पर पालिका में समाजसेवियों, पर्यावरण मित्रों का हुआ सम्मान

अल्मोड़ा। पालिका परिषद अल्मोड़ा के तत्वाधान में गांधी जयंती पर विविध कार्यक्रम हुए। प्रातःकाल पालिकाध्यक्ष ने झंडारोहण किया। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया गया। सभागार में उपस्थित तमाम वक्ताओं ने महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के जीवन दर्शन को लेकर प्रकाश डाला। पालिकाध्यक्ष द्वारा महात्मा गांधी द्वारा भारत को आजादी दिलाने में जो संघर्ष किया गया उसके महत्व से सभी को अवगत कराया गया। इस मौके पर ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन व उत्कृष्ट कार्य करने पर वन दरोगा भुवन लाल टम्टा, यातायात निरीक्षक गणेश सिंह हर ?यि, पशु चिकित्सक सुरेन्द्र सिंह गरबयाल, पशु चिकित्सक बाड़ेछीना रचना टम्टा एवं सामाजिक कार्यकर्ती कामिनी कश्यप को प्रशस्ति पत्र देकर शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया तथा पालिका के पर्यावरण मित्र एवं पालिका कर्मचारियों व महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## संपादकीय



# 'गुदड़ी के लाल' पदकवीर

खेलों में 'गुदड़ी के लाल' भी देश के नायक, योद्धा होते हैं। वे भी देश और उसकी प्रतिष्ठा के लिए खेलते हैं। वे ज्यादातर सामान्य परिवारों से आते हैं, लिहाजा देश की मिट्टी और जिंदगी की मुश्किलों से उठकर वे 'चैम्पियन' और 'पदकवीर' बनते हैं। देश उनका भी आभारी है और झुककर साधुवाद देता है। हांगझाउ, चीन में जारी एशियाई गेम्स, 2022 में भारत के कई 'गुदड़ी के लाल' उभर कर चमके हैं, जिनके हुनरमंद खेलों ने एक ही दिन में 3 स्वर्ण पदक समेत 15 पदकों से भारत की झोली भर दी है। हम बीते रविवार, 1 अक्तूबर, की खेल-स्पर्धाओं की ही बात कर रहे हैं। सबसे पहले अविनाश साबले का चेहरा आंखों के सामने तैरता है। उन्होंने 3000 मीटर की 'लंबी बाधा दौड़' को सिर्फ 8 मिनट 19.50 सेकंड में पूरा कर इतिहास रच दिया। वह इस खेल के प्रथम स्वर्ण पदक विजेता पुरुष खिलाड़ी हैं। कभी 2010 में सुधा सिंह ने ग्वांग्झू एशियाई खेलों में महिलाओं की इसी स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया था। इनके अलावा, इस खेल में अभी तक भारत की उपलब्धियां 'शून्य' रही हैं। साबले ने 2015 में 'बाधा दौड़' का खेल शुरू किया और सिर्फ 8 सालों के अंतराल में ही आज वह 'राष्ट्रमंडल खेलों' और 'एशियाई गेम्स' के चैम्पियन खिलाड़ी हैं। वह विश्व स्तरीय धावक भी बन गए हैं। बीते साल ही राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीत कर साबले ने बड़े देशों को स्तब्ध कर दिया था। अब एशियाई खेलों में दो जापानी खिलाडियों को पछाड़ कर साबले विजेता बने हैं। देश को ऐसे गौरव और हुनर पर नाज है। अब साबले को पेरिस ओलंपिक, 2024 का भी टिकट मिल चुका है। साबले के बाद उन निशानेबाजों की प्रतिभा और उनके सार्थक, कड़े परिश्रम को भी सलाम करना चाहते हैं, जिन्होंने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 6 कांस्य, यानी कुल 22 पदक जीत कर एशियाई कीर्तिमान स्थापित किया है। रविवार को भारतीय तिकड़ी-पृथ्वीराज, जोरावर, चेनाई-ने 'पीले तमगे' पर निशाना साधा था। निशानेबाजी में देश की बेटियां भी शामिल हैं, जिन्होंने गले में 'स्वर्ण पदक' पहने। हम उनकी चर्चा कर चुके हैं। साबले की ही तरह मुरली श्रीशंकर ने 'लंबी कूद' में 8.19 मीटर की छलांग लगा कर भारत के लिए 'चांदी' कूटी। वह भी साबले की ही तरह 'गुदड़ी के लाल' हैं और बड़ी गरीब पारिवारिक पृष्ठभूमि से आते हैं। ऐसे खिलाड़ी वाकई देश के 'योद्धाई राजनयिक' हैं। बेशक तेजिंदरपाल सिंह तूर 'गोला फेंक' खेल के एशियाई और रिकॉर्डधारी चैम्पियन हैं। इस बार खेल में पिछड़ते हुए उन्होंने न केवल इस स्पर्धा का 'स्वर्ण पदक' जीता, बल्कि 20.36 मीटर दूर गोला फेंक कर सभी प्रतिद्वंद्वियों को भी चौंका दिया। इसी तरह के खेल 'चक्का फेंक' में 40 वर्षीय सीमा पूनिया ने लगातार तीसरे पदक के तौर पर कांस्य पदक जीत कर घोषित कर दिया कि फिलहाल वह भारत को पराजित नहीं होने देंगी। महिलाओं में हरमिलन बैंस ने 1500 मीटर दौड़, ज्योति याराजी ने 100 मीटर बाधा दौड़ और अजय कुमार सरोज ने पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में 'रजत पदक' पहने। हालांकि ज्योति के संदर्भ में चीन ने कुछ गड़बड़ी करने की नाकाम कोशिश की, लेकिन न्याय ने भारत के हिस्से पदक दर्ज किया। कांस्य का रंग बदल कर रजत कर दिया गया।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## ऊर्जा निगम को 1.5लाख रुपये का चूना, चलती लाइन से बिजली की 3हजार मीटर तार चोरी

रुड़की। लक्सर में विद्युत सप्लाई लाइन के 16 खंभों से लगभग तीन हजार मीटर ट्रिपल लेयर तार बीती रात चोर काट ले गए। इससे ऊर्जा निगम को डेढ़ लाख रुपये का चूना लगा है। साथ ही 10 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति पिछले 20 घंटे से ठप पड़ी है। जेई ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

बीती रात चोरों ने निरंजनपुर भगतनपुर गांव के बीच 11 केवी की बिजली सप्लाई लाइन में साठ-साठ मीटर स्पान पर लगे 16 खंभों से बिजली की करीब 3000 मीटर ट्रिपल लेयर तार काट ली और इसे लेकर फरार हो गए। तार काटे जाने के दौरान लाइन में बाकायदा करेंट बह हो रहा था। तार कटते ही भगतनपुर, दरगाहपुर, रसूलपुर, कंकरखाता, भिक्कमपुर, खानपुर, ब्रहमपुर, निहंदपुर, अलावलपुर, भोगपुर, बाड़ीटीप सहित दस से ज्यादा गांवों में अंधेरा हो गया।

## डॉक्टर से मारपीट पर केस दर्ज

रुडक़ी। डॉक्टर से पड़ोसी के मारपीट करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। गंगनहर कोतवाली को पूर्वी दीनदयाल निवासी डॉ. उमा पाल ने तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी पिंटू यादव ने 26 सितंबर को रात के वक्त नशे में आकर गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एंबुलेंस रोककर घायल सहित दो महिलाओं से मारपीट

रुड़की। जसपुर रणजीतपुर में युवक पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। बाद में अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस रोककर घायल और उसके साथ मौजूद दो महिलाओं से भी मारपीट की गई। युवक फिलहाल एम्स में भर्ती है। पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, जसपुर रणजीतपुर गांव में रविवार शाम मांगेराम के घर के सामने खड़ा अशोक गाली-गलौज कर रहा था।

मांगेराम ने इसका विरोध किया और घर के अंदर चला गया। आरोप है कि अशोक अपने परिवार के लोगों के साथ उसके घर घुसा और उसके ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर, कमर और हाथ पर 13 चोटें आईं। घायल होने की वजह से वह बेहोश होकर गिरा गया जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। बाद में मांगेराम की मां सुधा और बहन चांदनी उसे एंबुलेंस में अस्पताल ले गए।

## संक्षिप्त खबरें

### नाला निर्माण की खुदाई से निकली मिट्टी बेचने का आरोप

रुड़की। लंढौरा बस अड्डे के पास नाले का निर्माण चल रहा है। लोगों का आरोप है कि नाला निर्माण के दौरान जेसीबी से खोदी गई मिट्टी ठेकेदार ने बेच दी है। स्थानी निवासियों ने मामले की शिकायत नगर पंचायत ईओ से की है। लंढौरा बस अड्डे के पास रोड किनारे करीब 12 लाख की लागत से सीसी नाले का निर्माण चल रहा है। लोगों का कहना है कि इसके लिए जेसीबी मशीन से खुदाई कराई गई थी। आरोप है कि ठेकेदार ने मिट्टी को कॉलोनी में भराव के लिए बेच दिया है। लोगों ने मामले की शिकायत नगर पंचायत ईओ से की है।

### स्वच्छता दूत अवार्ड से कैंटकर्मी सम्मानित

रुडक़ी। कैंट बोर्ड द्वारा स्वच्छता दूत अवार्ड सेरेमनी पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने कैंट के सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। स्वच्छता ही सेवा के तहत कैंट बोर्ड स्कूल रुडक़ी के बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कैंट बोर्ड के सीईओ विशाल सारस्वत ने बताया कि सोमवार को मुख्य अतिथि ने कैंट बोर्ड के सफाई कर्मियों को स्वच्छता दूत अवार्ड से सम्मानित कर उनका हौंसला बढ़ाया।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

रुड़की। काफी समय से फरार चल रहे एक वारंटी को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र राठी ने बताया कि ग्राम मानकपुर आदमपुर निवासी आकाश उर्फ काटु मारपीट के एक मामले में काफी समय से फरार चल रहा था। रविवार देर रात पुलिस ने उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया।

### बेलड़ा कांडः आज से भूख हड़ताल शुरु करेंगे अधिवक्ता संजीव वर्मा

रुड़की। बहुचर्चित बेलड़ा कांड के पीड़ितों के धरने को सोमवार को 14 दिन हो गए हैं लेकिन अभी तक शासन-प्रशासन की ओर से कोई गौर नहीं किया गया। धरना स्थल पर धरने के संयोजक अधिवक्ता संजीव वर्मा ने शासन प्रशासन और सरकार पर उपेक्षा पूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब वे मंगलवार से अनशन शुरू करेंगे। कहा कि सरकार ने गढ़वाल आयुक्त और डीआईजी से जांच कराने के बाद 12 बिंदुओं पर समझौता हुआ था लेकिन उनमें से कोई भी पूरा नहीं किया गया है। सोमवार को जारी धरना में पीड़ित परिवारों के सदस्यों के साथ-साथ नेत्रपाल सिंह, कुलदीप सिंह, रणवीर, रमन सिसोदिया, अजय गैरोला, आदेश प्रधान, आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह, योगेश कुमार, दीपक भारती सहित अन्य लोग धरने पर बैठे।

### लंढौरा में संदिग्ध बुखार से दो की मौत

रुड़की। क्षेत्र में संदिग्ध बुखार से दो लोगों की मौत हो गई है। पिछले सप्ताह संदिग्ध बुखार से ही पूर्व प्रधान समेत तीन महिलाओं की मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि भगवानपुर चंदनपुर निवासी फरजान (32) को सात दिन पहले बुखार आया था। युवक को पहले मंगलौर और बाद में रु?की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत बिग?ने पर युवक को ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया। एम्स में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, खादर क्षेत्र के गांव लादपुर कला निवासी नवाब अली (55) को छह दिन पहले बुखार आया था। इसके बाद रु?की के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### रुडक़ी को जलभराव से निजात दिलाने को बनाई विशेष टीम

रुडक़ी। शहरवासियों को जलभराव से निजात दिलाने के लिए सीएम के निर्देश पर सिंचाई विभाग की ओर से सभी क्षेत्रों का ड्रोन से सर्वे कर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। कार्ययोजना को अंतिम रूप देकर शासन को बेजा जाएगा। रुडक़ी के कई मोहल्ले हर साल बारिश के दौरान जलभराव की चपेट में आ जाते हैं। इस बार जुलाई और अगस्त में बारिश से साउथ सिविल लाइंस, ढंडेरा, अशोक नगर, मोहनपुरा, पश्चिमी अंबर तालाब आदि कई क्षेत्रों में भारी जलभराव हुआ था। कई कॉलोनियों में तो पानी अभी भी भरा हुआ है। शिवपुरम के लोगों ने हाल ही में प्रदर्शन कर जलभराव से निजात दिलाने की मांग की थी। पिछले दिनों मुख्य सचिव डॉ एसएस संधु की बैठक में हरिद्वार में भी रुडक़ी और भगवानपुर के जलभराव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। सीएम धामी ने जलभराव से निजात दिलाने के लिए रुडक़ी और भगवानपुर के लिए सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता को नोडल अधिकारी बनाकर विशेष कमेटी बनाई गई है।

### उर्स में पुलिस ने 109 बच्चों को परिजनों से मिलाया

रुड़की। साबिर पाक का 755वां सालाना उर्स सकुशल सम्पन्न होने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली है। मेला कोतवाली के प्रभारी दिगपाल सिंह कोहली ने सोमवार को पत्रकार वार्ता कर मेला संपन्न होने पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार पुलिस ने 13 पुरुष और महिलाओं सहित उर्स के दौरान भी? में परिजनों से बिछ? करीब 109 बच्चों सहित 130 को उनके परिजनों से मिलाया। उन्होंने बताया कि इस बार उर्स में आने वाले वाहनों और अन्य माध्यमों से अनुमान लगाया गया है कि करीब सात से आठ लाख जायरीन कलियर पहुंचे थे।

### गांधी-शास्त्री को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

रुड़की। महानगर किसान कांग्रेस की ओर से गांधी वाटिका में गांधी स्मारक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्प अर्पित कर दोनों महापुरुषों को नमन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद राजेंद्र बा?ी, पूर्व पालिका अध्यक्ष दिनेश कौशिक, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सेठपाल परमार, पूर्व महानगर अध्यक्ष कलीम खान, सुभाष सैनी, रिजवान अहमद भूरा भाई, किसान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष श्रवण गोस्वामी, युवा नेता आदेश सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान, प्रदेश सदस्य अताउर रहमान, सुभाष शर्मा, भूषण त्यागी, तेजपाल, धर्मवीर, सुभाष, ऋषिपाल, नरेश, मीना, सोनिया आदि उपस्थित रहे।

### गोद लिए गांव में निकाली स्वच्छता रैली

रुड़की। हरिद्वार यूनिवर्सिटी के छात्रों ने रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर क्षेत्र के मेहवड़ कलां और बाजूहेड़ी गांव में छात्रों ने रैली निकालकर सफाई अभियान चलाया। अमित भटनागर ने बताया है कि मेहवड़ कलां, बाजूहे?ी, मेहवड़ खुर्द, रहमतपुर और बेल?ा गांवों को गोद लिया हैष इन गांवों को स्वच्छ भारत अभियान से जो? रहे हैं। इसके लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इस मौके पर प्रो. राम भार्गव, डॉ. देवव्रत, वर्तिका, रविन्द्र, सुमित चौहान, रमा भटनागर, जितेंद्र, ललित शर्मा, कल्पना, स्वाति, रिचा, नेहा पाल, निक्कू प्रजापति, अक्षय शर्मा, डॉ. रौनक, शेखर, जितेंद्र, प्रणव हरि, अभिषेक, अभिनव भटनागर आदि मौजूद रहे।

# शादाब शम्स ने पाकिस्तानियों को रिटर्न गिफ्ट में दिया, गंगा जल रुद्राक्ष माला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 03 सितम्बर : उत्तराखंड वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने साबिर पाक के 755 वे उर्स में आये पाकिस्तान के 107 श्रद्धालुओं को वक़्फ़ बोर्ड की तरफ से रिटर्न गिफ़्ट के रूप में पाकिस्तानी ज़ायरीनों एवं ग्रुपलीडर अहसानुलहक़ को वाहक बनाकर पाकिस्तान के मंदिरों में मौजूद पुजारियों को सह सम्मान भेंट करने के लिए गंगा जल ,रुद्राक्ष की माला और " श्रीमद्भागवत गीता " व कलियर शरीफ़ दरगाह का प्रतिरूप भेंट किया ।

पाकिस्तानी जत्थे के लीडर एहसान उल हक ने कहा हम हिन्द का प्यार और सम्मान जिस विश्वास से हमें सौंपा गया है हम उसी सम्मान से पाकिस्तान के पुजारियों को मंदिर पहुँच कर सह सम्मान पहुँचाने का कार्य पूरी ईमानदारी से करेंगे हमने ये वादा साबिर पाक के दरबार में वक्फ बोर्ड उत्तराखंड के अध्यक्ष शम्स से किया है, जिसका वीडियो बनाकर हम वहां से बहुत जल्द भेजेंगे जिससे एक दूसरे के प्रति सम्मान और विश्वास बढ़ सके ।

हम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व वक़्फ़ बोर्ड उत्तराखण्ड के शुक्रगुजार है कि उन्होंने ज़ायरीन के लिए बेहतर इंतज़ाम किये। वक़्फ़ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा कि दुनियाँ के 150 cr सनातन प्रेमियों की आध्यात्मिक राजधानी देवभूमि उत्तराखण्ड कि धर्म नगरी हरिद्वार से पूरे भारत वासियों की ओर से यह संदेश भेजा जा रहा है के हम अतिथि देवों भवः के मानने वाले हैं और पूरी दुनिया को अपना परिवार मानते हैं इस लिए वसुधैव कुटुम्कम को चरितार्थ करने के लिए एवं विश्व शांति के लिए एक ईमानदार प्रयास कर रहे हैं

बाकी अब पडौसी को साबित करना है वो कैसे आचरण करना चाहते हैं वो प्रेम कि जिस भाषा मे चाहेंगे उन्हें जवाब दिया जाएगा ।इस अवसर पर उत्तराखण्ड हज कमेटी के अध्यक्ष हाजी खतीब अहमद ,वक़्फ़ बोर्ड मेम्बर इक़बाल अहमद ,मेम्बर अनीस अहमद, सूफ़ी संवाद के प्रदेश प्रमुख गुलफ़ाम शेख, प्रबंधक कलियर रज़िया बेहरोज़ आलम, अज़हर प्रधान आदि मौजूद रहे।





## गांधी ने पूरे विश्व को अहिंसा का मार्ग दिखाया: कांग्रेस

हरिद्वार। महानगर कांग्रेस ने सुभाष घाट कार्यालय में गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व दर्जाधारी संतोष चौहान ने की। महानगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरे विश्व को अहिंसा का मार्ग दिखाया और लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान के नारे से देश में अलग क्रांति जगाई। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहिंसा से न सिर्फ देश आजाद कराया बल्कि लोगों को निर्भीक बनाने का भी कार्य किया। महिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लता जोशी ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमें आपसी भाईचारा और प्रेम करना सिखाया। प्रदेश प्रवक्ता वरुण बालियान, विधानसभा यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष तुषार कपिल,पूर्व विधायक रामयश सिंह, वरिष्ठ नेता बीएस तेजियान, युवा नेता नितिन तेश्वर, श्रमिक नेता वीरेंद्र श्रमिक ने भी विचार रखे। गोष्ठी में ब्लॉक अध्यक्ष विमल शर्मा, विकास चंद्रा, जतिन हांडा, सुमन अग्रवाल, ऊषा देवी, आशा कोरी, मंजू शर्मा, पार्षद उदयवीर सिंह चौहान, अश्विन कौशिक, वंश, कोमल कौर, बिन्देश गुप्ता, इंद्र कुमार, जाशिद अंसारी, नितिन यादव, ओम प्रकाश, आकाश बिरला, ऋषभ वशिष्ठ, ओम पहलवान, समर्थ अग्रवाल, करण सिंह राणा, शुभम जोशी, सन्नी मल्होत्रा, हरद्वारी लाल आदि मौजूद रहे।

## गांधी और शास्त्री के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान

हरिद्वार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राजनीतिक-सामाजिक संगठनों के साथ विभागों और शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम हुए। वक्ताओं ने बापू और शास्त्री के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी ने कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि बापू के नेतृत्व में चलाए गए रचनात्मक कार्यक्रमों का उत्तराखंड पर व्यापक प्रभाव प ?ा। उनके जीवन से उच्च विचार, मितव्ययता, नैतिकता, भाईचारा, सर्व धर्म समभाव जैसे आदर्श जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने लघु, कुटीर एवं खादी ग्रामोद्योगों के विकास में विशेष प्रयत्न किए। इस मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजनों को आनंदमयी सेवा सदन की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। मौके पर जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी मीरा रावत, नवल किशोर, नारायण शरण तिवारी, जेपी शुक्ला आदि शामिल रहे।

## कुमायूं रेजीमेंट ने त्रिशूल चोटी की फतह

चमोली। भारतीय सेना के कुमाऊं रेजीमेंट के दल ने एक माह तक कठिन पर्वतारोहण कर त्रिशूल चोटी फतह की है। दल में रेजीमेंट के अफसरों सहित 41 सदस्यीय दल मौजूद रहा। इनमें से 14 सदस्यों ने चोटी को फतह किया। दल ने चोटी पर तिरंगा झंडा भी फहराया। सुतोल गांव में दो दिनों तक प्रवास करने के बाद दल सोमवार को वापस लौट गया है। दल के सदस्यों ने त्रिशूल चोटी के बेस कैंप होमकुं में कूड़ा भी एकत्रित किया। ग्राम पंचायत व पर्यटन समिति सुतोल के युवाओं द्वारा कूड़े का निस्तारण किया गया। दल के टीम लीडर कर्नल मनोज जोशी और मेजर आदित्य प्रकाश ने बताया कि रेजीमेंट ने 20 साल बाद चोटी को फतह किया है। इस दौरान मौसम पूरी तरह से खुशगवार रहा।

सुतोल गांव में ग्राम प्रधान राजपाल कुमार, इको टूरिज्म समिति के अध्यक्ष कमल सिंह, उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह नेगी, महिला मंगल दल अध्यक्ष सुषमा नेगी, नव युवक मंगल दल अध्यक्ष बख्तावर सिंह आदि ने दल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। दल के सदस्यों ने सुतोल गांव में दो दिनों तक विश्राम किया। सोमवार को दल रानीखेत के लिए रवाना हुआ।

नौ सेना के 4 अधिकारी हुए थे शहीद

एक अक्तूबर 2022 को त्रिशूल पर्वत को फतह करने जा रहा नौसेना का दल एवलांच की चपेट में आ गया था।

## दीपक तिवाड़ी ने लिया सतपुली थाने का चार्ज

पौड़ी। सोमवार को सतपुली थाने का चार्ज नवनियुक्त थाना प्रभारी दीपक तिवा ?ी ने ले लिया है। एसएसपी ने शनिवार को कई थाना प्रभारियों को बदल कर दिया था। नवनियुक्त थाना प्रभारी दीपक तिवा ?ी ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करना, अपराध पर पूरी तरह लगाम लगाना व पुलिस और पब्लिक के बीच अच्छा संबंध स्थापित करना होगा। उन्होंने इसके लिए क्षेत्र के लोगों को भी पुलिस को मदद करने की अपील की। वहीं सोमवार को निवर्तमान थाना प्रभारी लाखन सिंह को पुलिस कर्मियों ने विदाई दी। निर्वतमान थानाध्यक्ष लाखन सिंह का स्थानांतरण धुमाकोट हो गया है। थानाध्यक्ष लाखन सिंह ने सभी क्षेत्रवासी एवं पुलिस कर्मियों आभार जताया। उन्होंने कहा की जनता के बीच रहकर पुलिस की सेवाओं को बेहतर बनाये। मौके पर एस आई प्रियंका नेगी, दीवान सोहनलाल टम्टा, राकेश बिष्ट,संजय नेगी, मुकेश भट्ट, त्रिलोक सिंह, ते ? सिंह, दीपशिखा तोमर, मोहम्मद इकबाल, ज्योति देवी, विजिन्दर कुमार आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## महात्मा गांधी व शास्त्री को जयंती पर किया याद

पौड़ी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर, जिला न्यायालय परिसर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय में जिला जज आशीष नैथानी ने महात्मा गांधी व पूर्व सीएम लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। डीएम कार्यालय में अपर जिलाधिकारी ईला गिरी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पौ ?ी की छात्राओं द्वारा गांधी जी के प्रिय भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। जिले के सभी कार्यालयों, संस्थानों, तहसीलों, विकासखंडो व स्कूलों में विभागाध्यक्षों व जन-प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने के साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजनों का गायन भी किया गया।

## योग अनुदेशकों ने समस्याएं हल करने की उठाई मांग

पौड़ी। जिला आयुवेदिक एवं यूनानी विभाग के योग अनुदेशक संघ ने सांसद गढ़वाल से समस्याएं हल करने की मांग उठाई है। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग ने सांसद गढ़वाल को ज्ञापन दिया। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष विजय रतूड़ी ने सांसद से सभी जिलों में तैनात योग अनुदेशकों को समय पर वेतनमान देने, मानदेय में वृद्धि करने, केंद्र व राज्य सरकार के अधीन विभागीय संविदा करने, यात्रा भत्ता देने सहित 7 सूत्रीय मांग हल करने की मांग उठाई। उन्होंने योग अनुदेशक सेवानियमावली आदि को लेकर भी सांसद से वार्ता की। बताया कि सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत ने केंद्रीय स्वास्थ्य आयुष मंत्री और राज्य सरकार के माध्यम से उनकी समस्याएं हल करने का आश्वासन दिया।